# YUGANTAR PUBLIC SCHOOL

**Sample paper 2023-24**

Class :-**V** **Subject :-Hindi** Time –3Hrs
MM :-80

निर्देश Date-

1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ।
2. स्वच्छता पर विशेष ध्यान दीजिए।

## खण्ड ( अ )

प्र 1) पठित गद्यांश को पढ़कर सही उत्तर पर ( ✔ ) का निशान लगाइए–( 5)

प्र1) साहस की मूर्ति अभिनंदन वर्धमान का जन्म 21 जून ,1983 को भारत के तमिलनाडु राज्य में हुआ था । वे 19 जून 2004 में वायुसेना में फलाइंग ऑफिसर के पद पर नियुक्त हुए थे और तभी से देश को अपनी सेवाएँ दे रहे हैं।उनका परिवार तीन पीढ़ियों से वायुसेना से जुड़ा है। उनके पिता श्री एस वर्धमान भारतीय वायुसेना में एयर मार्शल के पद पर काम कर चुके हैं। अभिनंदन की पत्नी भी वायुसेना में रह चुकी हैं।

क) अभिनंदन वर्धमान का जन्म कब हुआ था ?

अ) 21 जून,1983 ब) 22 जुलाई 1884 स) 20 मई 1888

ख) उनका जन्म किस राज्य में हुआ था ?

अ) केरल ब) तमिलनाडु स) गुजरात

ग) उनका परिवार कितनी पीढ़ियों से वायुसेना से जुड़ा है ?

अ) चार पीढ़ी ब) तीन पीढ़ी स) सात पीढ़ी

घ) अभिनंदन के पिता वायुसेना में किस पद पर काम कर चुके है ?

अ) एयर मार्शल ब) कर्नल स) फ्लाइंग ऑफिसर

ङ) अभिनंदन की पत्नी कहाँ कार्य कर चुकी है ?

अ) वायुसेना ब) पुलिस स) थलसेना

## प्र2) अपठित गद्यांश को पढ़कर सही (√ ) का निशान लगाइए –(5)

मनुष्य की विशेषता उसके चरित्र में है। चरित्र के कारण ही एक मनुष्य दूसरे से अधिक आदरणीय समझा जाता है। विद्या का मान सज्जन तभी करते है जब विद्यावान विनय एवं चरित्र से युक्त हो। विद्या, बल तथा पद होते हुए भी रावण अपने राक्षसी कर्म के कारण निंदनीय था। रावण विदयावान होने पर भी वंदनीय नहीं बन पाया। मनुष्य का मूल्य उसके चरित्र में है। विनय, उदारता, लालच में न पड़ना, थैर्य, सत्य भाषण, वचन का प्रतिपालन करना और कर्तव्य परायण ये सब गुण चरित्र में आते है।

**1. मनुष्य की विशेषता किसमें है?**

(क) उसके पद में (ख) उसके धन में

**(ग) उसके अच्छे विचारों में (घ) उसके चरित्र में**

**2. मनुष्य का आदर किन कारणों से होता है?**

**(क) चरित्र के कारण (ख) पद के कारण**

**(ग) विचार के कारण (घ) तीनों विकल्प सही है**

**3. रावण निंदनीय** क्यों **था ?**

**(क) विद्या के कारण (ख) बल के कारण**

**(ग) पद के कारण (घ) राक्षसी कर्म के कारण**

**4. चरित्र में कौन-कौन से गुण आते है?**

**(क) विनय और उदारता (ख) सत्य और चैर्य**

**(ग) कर्तव्य परायण (घ) उपरोक्त सभी**

**5. 'गुण' शब्द का विपरितार्थक शब्द है-**

**(क) निर्गुण (ख) अवगुण**

**(ग) सदगुण (घ)महा गुण**

प्र 3) नीचे दिए गए पठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए–(5)

हम चलेंगे साथ–साथ
डाल हाथों में हाथ
हम चलेंगे साथ–साथ, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
हम चलेंगे साथ–साथ एक दिन ।

होगी शान्ति चारों ओर, एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
होगी शान्ति चारो ओर एक दिन ।

नहीं डर किसी का आज एक दिन
मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास
नहीं डर किसी का आज एक दिन ।

क) कवि कैसे चलने की बात कर रहा है ?

अ) दूर–दूर ब) साथ–साथ स) तेज़

ख) कवि को किस बात पर विश्वास है ?

अ) मन पर ब) दूसरों पर स) कल पर

ग) एक दिन चारों ओर क्या होगी ?

अ) गरमी ब) शांति स) तूफान

घ) हमें आज किसी का ––––––नहीं है ?

अ) डर ब) खतरा स) विश्वास

ङ) डर शब्द का शब्दार्थ क्या होगा ?

अ) भय ब) डरना

प्र4) प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर पर (√) का निशान लगाइए–(20)

1) मन के भावों तथा विचारों का आदान प्रदान कहलाता है ?

(अ) भाषा (ब) वर्ण (स) शब्द ( द) विकारी

2) संकेतों के माध्यम से प्रकट की जाने वाली भाषा है ?

(अ) मौखिक (ब) लिखित (स) सांकेतिक (द) वर्ण

3) उर्दू भाषा की लिपि क्या है ?

(अ) रोमन (ब) फ़ारसी (स) देवनागरी (द) मराठी

4) संज्ञा के कितने भेद होते है ?

(अ) चार (ब) पाँच (स) दो ( द) सात

5) कक्षा शब्द में संज्ञा का कौन– सा भेद है ?

(अ) व्यक्तिवाचक (ब) समूहवाचक (स) भाववाचक (द)जातिवाचक

6) ————————संयुक्त व्यंजन होते हैं ?

(अ) क्ष,त्र, ज्ञ,श्र (ब) क,ख,ग,घ (स) त,थ,द,ध (द) य,र,ल,व

7) वचन कितने प्रकार के होते हैं ?

(अ) चार (ब) दस (स) दो ( द) एक

8) गायक शब्द का स्त्रीलिंग शब्द क्या होगा ?

(अ) गाना (ब) गायिका (स) गीत ( द) संगीत

9) शब्द के जिस रूप से पुरूष जाति होने का पता चलता है ?

(अ) लिंग (ब) पुल्लिंग (स) स्त्रीलिंग ( द) नर

10) कविता का बहुवचन क्या होता है ?

(अ) कविताएँ (ब) कवि (स) भाव ( द) गाना

11) मेरा जन्मदिन आने वाला है, कौन –सा काल है ?

(अ) वर्तमान काल (ब) भूतकाल (स) भविष्यत् काल द)समय

12) मैं सरकस देखने गया था , काल का कौन सा रूप है ?

(अ) वर्तमान काल (ब) भूतकाल (स) भविष्यत् काल ( द) गया

13) मेज़ पर दस —————— रखी थी ?

(अ) पुस्तक (ब) किताब (स) पुस्तकें ( द) कॉपी

14) सर्वनाम के भेद होते हैं ?

(अ) चार (ब) छह (स) सात ( द) आठ

15) संज्ञा के जिस रूप से एक या अनेक होने का पता चले। ?

(अ) एकवचन (ब) बहुवचन (स) बचन ( द) बहुत

16) राधा पुस्तक————है ?

(अ) पढ़ (ब) पढ़ रही (स) पढ़ रहे ( द) पढ़ रहा

17) भाषा को लिखने का ढंग क्या कहलाता है ?

(अ) लिपि (ब) मात्रा (स) लिखना (द) वर्ण

18) पत्र लिखना भाषा का कौन सा रूप है ?

(अ) लिखित (ब) मौखिक (स) देवनागरी (द) वाक्य

19) वर्णों के सार्थक मेल को क्या कहते है ?

(अ)वाक्य (ब) शब्द (स) वर्णमाला ( द) संज्ञा

20) गुस्सा में संज्ञा का कौन– सा भेद है ?

(अ) व्यक्तिवाचक (ब) समूहवाचक (स) भाववाचक (द)जातिवाचक

## खण्ड (स)

प्र 4) नीचे दिए गए प्रश्नों को पढ़कर उत्तर लिखिए– (12)

क) शिवम कहाँ रहता था ?

ख) राजा किसान से क्यों खुश हुआ ?

ग) राजा ने किसान को इनाम क्यों दिया ?

घ) बच्चे बगीचे के अंदर क्यों नहीं जाते थे ?

ङ) बच्चों को भगाने के बाद सरदार ने क्या किया ?

च) पेशवा बाजीराव से आदेश मिलते ही सरदार ने क्या किया ?

छ) शिवम के पिताजी क्या काम करते थे ?

ज) आज भी दुनिया किस बात पर हैरान है?

प्र5) कविताओं के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (10)

क) हम होंगे कामयाब कविता हमें क्या सीख देती है?

ख)कवि को क्यों लगता है हम कामयाब होंगे?

ग) इब्नबतूता ने क्या पहना था और नाक और कान में क्या घुस गई थी ?

घ) पैरों से निकलकर जूता कहाँ पहुँच गया ?

ङ) इब्नबतूता कहाँ खड़े रह गए ?

प्र 6) नीचे दिए गए शब्दों के वाक्य बनाकर लिखिए– ( 3)

क) जन्म –

घ) राक्षस–

ग) परिवार –

प्र 7) कौन क्या काम करता है – ( 4)

क) सैनिक–

ख) नाई –

ग) डॉक्टर–

घ) दर्ज़ी –

## खण्ड ( द )

प्र 8) अनुच्छेद लिखिए – (6)

क) रक्षाबंधन ख) परिश्रम का महत्व ग) स्वास्थ्य ही अमूल्य धन

प्र 9) अ) अपने प्राचार्य महोदय को चार दिनों की छुट्टी का आवेदन पत्र लिखिए । (5)

ब) वाद–विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर अपने मित्र को बधाई पत्र लिखिए–

प्र10) नीचे दिए गए चित्र को देखकर वर्णन कीजिए– (5)

